भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 25
सोमवार, 25 नवंबर, 2024/4 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहन**

**25. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का दादरा और नागर हवेली के ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि करने के लिए ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोई नई योजना बनाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में विशेषकर दादरा और नागर हवेली में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए पर्याप्त धनराशि का निवेश किया है; और

(घ) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): देश में ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, पर्यटन मंत्रालय ने भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास और ग्रामीण होमस्टे के संवर्धन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है ।

पर्यटन मंत्रालय विविध पहलों के माध्यम से समग्र रूप से भारत का संवर्धन करता है। जारी गतिविधियों के भाग के रूप में, ग्रामीण पर्यटन और ग्रामीण होमस्टे सहित विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन किया जाता है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत ग्रामीण परिपथ को थीमेटिक परिपथ में से एक के रूप में चिह्नित किया है। योजना के ग्रामीण परिपथ के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना पर्यटक और गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाते हुए स्थायी और सुरक्षित गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस योजना के तहत उत्तराखंड के गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर अनुभव परियोजना स्वीकृत की गई है।

सरकार ने 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के भाग के रूप में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत ट्राइबल होमस्टे के विकास की पहल को अनुमोदन प्रदान किया है। उक्त पहल में 5 लाख रु. प्रति इकाई तक (नए निर्माण के लिए), 3 लाख रु. तक (नवीकरण के लिए) और गांव की सामुदायिक आवश्यकता के लिए 5 लाख रु. तक की सहायता के साथ 1000 होमस्टे का विकास शामिल है।

*****

**अनुबंध**

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर द्वारा ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहन के संबंध में दिनांक 25.11.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 25 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के ग्रामीण परिपथ के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य का नाम** | **वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | बिहार | (2017-18) | गांधी परिपथ: भितिहरवा-चंद्रहिया-तुरकौलिया का विकास | 44.27 | 40.31 |
| **2.** | केरल | (2018-19) | मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 | 45.88 |
| | | | **कुल** | **101.62** | **86.19** |

*****